पंजाब केसरी
27-04-2025

# जी.एम.एन. कॉलेज में 'वेस्ट टू री-डिजाइन' विषय पर 3 दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

अम्बाला, 26 अप्रैल (बलराम): छावनी के गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज मे सस्टेनेबल डिवल्पमैंट गोल क्लब और ईको क्लब द्वारा 'वेस्ट टू री-डिजाइन' विषय पर चल रही तीन दिवसीय कार्यशाला शनिवार को सम्पन्न हो गई। कार्यशाला के पहले दिन विशेषज्ञ शिक्षिका शालिनी ने विद्यार्थियों को 'मोल्ड इट' से फोटोहोल्डर बनाना सिखाया। दूसरे एवं तीसरे दिन फैब्रिक पेंटिंग और मौल्दीत से अफ्रीकन गिलास और बेकार कप से प्लांटर बनाना सिखाया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कचरे से उपयोगी और रचनात्मक उत्पाद बनाना, समस्या-समाधान कौशल को विकसित करनाए पर्यावरणीय जागरुकता बढ़ाना और व्यावहारिक शिक्षा को बढ़ावा देना था।



जी.एम.एन. कॉलेज में 'वेस्ट टू री-डिजाइन' विषय पर आयोजित कार्यशाला में विशेषज्ञ और प्रतिभागी।

इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया और बच्चों को सम्मानित किया और संपूर्ण विभाग को इस सराहनीय पहल के लिए बधाई दी। इस आयोजन में 30 विद्यार्थियों और टीचर्स ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया।